मईया तेरी चुनरी जब जब लहराती है

मईया तेरी चुनरी जब जब लहराती है
========================
धुन- रातों को उठ उठ के
मईया, तेरी चुनरी, जब जब, लहराती है ॥
जब जब, लहराती है, जब जब, लहराती है ॥
भक्तों को, दीवाना कर ॥ ये नाच, नचाती है ॥
मईया, तेरी चुनरी, जब जब...

तारों, जड़ी चुनरी, माँ चम चम चमके है ॥
इस की, बूटी बूटी, में हीरा दमके है ॥
तूँ, ओढ़ दिखा दे माँ ॥ क्यों, इतना सताती है ॥
मईया, तेरी चुनरी, जब जब...

तुम ही, बनाती हो, तुम ही मिटाती हो ॥
आए, कोई तूफ़ान तो, तूँ सिंह चढ़ आती हो ॥
आँचल में, छुपा के तुम ॥ गोदी में, सुलाती हो ॥
मईया, तेरी चुनरी, जब जब...

पैरों में, हैं कांटे, बड़ी गहरी खाई है ॥
कैसे, बताऊँ माँ, बड़ी बिपदा आई है ॥
बिन, बोले ही माँ तूँ ॥ आँसू, पोंछ जाती है ॥
मईया, तेरी चुनरी, जब जब...

तेरी, लाल चुनरिया माँ, मेरे मन को भाती है ॥
जब, धूप लगी हो तो, यह छाँव बन जाती है ॥
भक्तों के, दिल का यह ॥ चैन चुराती है ॥
मईया, तेरी चुनरी, जब जब...
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33954/title/maiya-teri-chunri-jab-lehrati-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |